कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी.- 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 66/2026

प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक- 16.02.2026

डॉ0 अनिल कुमार, पुलिस वरिष्ठ अधीक्षक, आजमगढ़ के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु अभियान के क्रम में आज दिनांक- 16.02.2026 को आजमगढ़ पुलिस द्वारा निम्न कार्यवाहियां की गयी।

थाना- जीयनपुर, जनपद आजमगढ़

थाना जीयनपुर पुलिस की कार्यवाही साइबर फ्रॉड करने वाला साइबर अपराधी गिरफ्तार; 01 एटीएम कार्ड, 01 मोबाइल फोन (घटना मे प्रयुक्त), 01 कूटरचित आधार कार्ड व साईबर फ्राड के 2 लाख 20 हजार रुपये नगद बरामद

पूर्व की घटना–

दिनांक 14.02.2026 को आवेदक मोहम्मद मुनौवर पुत्र शमीम अहमद सा0 बाजार खास नगर पंचायत जीयनपुर थाना जीयनपुर आजमगढ़ द्वारा थाना जीयनपुर पर प्रा0 पत्र दिया गया कि दिनांक 10.2.2026 को आवेदक के इण्डियन बैंक शाखा जीयनपुर के खाता से रू0 98000 किसी ने निकाल लिये तथा दिनांक 11.02.2026 को पुनः प्रार्थी के खाता से 99999 रू0 निकाल लिया गया जिसकी सूचना बैंक को दी गयी । आवेदक द्वारा थाना जीयनपुर पर सूचना दी गयी जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-76/2026 धारा 66 डी आईटी एक्ट बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी।

➡ विवेचना के दौरान आवेदक के फोन पर आने वाले लिंक व उसके मोबाइल नंबर का अवलोकन किया गया तो ज्ञात हुआ कि उक्त नंबर से विभिन्न- विभिन्न स्थानों से पैसे निकाले जाते है। जिसका अंतिम अहरण पेट्रोल पंप से किया गया था। जहां पर पूछताछ करने पर गोपाल गुप्ता पुत्र ब्रम्हशंकर गुप्ता निवासी पछौवा थाना अल्लागंज जनपद शाहजहांपुर हाल पता दुमरी थाना जैत्रा जनपद एटा का नाम प्रकाश में आया ।

घटना का अनावरण–

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा साइबर फ्राड पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 16.02.2026 को प्रभारी निरीक्षक राज कुमार सिंह मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्त गोपाल गुप्ता पुत्र ब्रम्हशंकर गुप्ता निवासी पछौवा थाना अल्लागंज जनपद शाहजहांपुर हाल पता दुमरी थाना जैत्रा जनपद एटा को उच्च प्राथमिक विद्यालय जीयनपुर के पास से समय करीब 04.05 बजे गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 01 एटीएम कार्ड, 01 मोबाइल फोन (घटना मे प्रयुक्त), 01 कूटरचित आधार कार्ड व साईबर फ्राड के 2 लाख 20 हजार रुपये नगद बरामद हुआ । अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

पूछताछ का विवरण-

गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि हम लोगों का एक सोशल मीडिया ग्रुप है। जिसमें खाता संख्या व पिन नंबर आदि आते है, जिसके माध्यम से हम लोग उस खाता धारक के मोबाइल नंबर पर लिंक भेज कर साइबर फ्रॉड करते है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1- गोपाल गुप्ता पुत्र ब्रम्हशंकर गुप्ता निवासी पछौवा थाना अल्लागंज जनपद शाहजहांपुर हालपता दुमरी थाना जैत्रा जनपद एटा ।

बरामदगी का विवरण-

01 एटीएम कार्ड, 01 मोबाइल फोन (घटना मे प्रयुक्त), 01 कूटरचित आधार कार्ड व साईबर फ्राड के 2 लाख 20 हजार रुपये नगद बरामद ।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 76/2026 धारा 66डी आईटी एक्ट व बढ़ोत्तरी धारा 317(2)/318(4)/338/336(3)/340(2) BNS थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़

आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0 76/2026 धारा 66 डी आईटी एक्ट व बढ़ोत्तरी धारा 317(2)/318(4)/338/336(3)/340(2) BNS थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 राजकुमार सिंह थाना जीयनपुर आजमगढ़
2. उ0नि0 विश्वजीत पाण्डेय थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़
3. हे0का0 संदीप यादव थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़
4. का0 अजय पाठक थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़
5. का0 अक्षय प्रसाद थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़
6. का0 हरीकिशन मौर्य थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़